BSES
BSES Yamuna Power Limited

# SYNERGY

अप्रैल 2015




## क्यों होती है बिजली बाधित ?

बीवाईपीएल अपने 14 लाख ग्राहकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, कुछ कारणों की वजह से हमारे प्रयास बाधित होते हैं। जिनमें से कुछ हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। ये निम्नलिखित हैं–

* (1) ग्रिड में लो फ्रिकेवेंसी (2) बिजली उत्पादन इकाइयों में उपकरणों का ब्रेकडाउन (3) ईंधन की कमी यानी फ्यूल शॉर्टेज की वजह से उत्पादन में कमी (4) ट्रांसमिशन लाइनों और उपकरणों में क्षमता संबंधी बाधाएं व ब्रेकडाउन (5) बिजली चोरी की वजह से बिजली वितरण सिस्टम में ट्रिपिंग व खराबी (6) अवैध व अनाधिकृत कब्जों की वजह से वितरण स्तर पर ब्रेकडाउन होना (7) लोकल फॉल्ट्स और (8) सिस्टम में सुधार हेतु, मरम्मत व रख–रखाव कार्यो के लिए योजनाबद्ध तरीके से शटडाउन।
* बीएसईएस अनाधिकृत निर्माण करने वाले लोगों से अपील करती है कि वे बिजली नेटवर्क और मेन्स के पास से सभी गैर कानूनी व अनाधिकृत निर्माण हटा लें।

## बीवाईपीएल का जीरो बैलेंस ड्राइव

मार्च महीने के दौरान बीवाईपीएल के डिविजन ऑफिसों में लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों उपभोक्ताओं ने एलईडी बल्ब्स जीते।

उन उपभोक्ताओं के नाम बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर अपलोड किये गये हैं।

बंपर लकी ड्रॉ का आयोजन 6 अप्रैल, 2015 को सुबह 10 बजे बीवाईपीएल के कड़कड़डूमा मुख्यालय में होगा। यहां तीन भाग्यशाली विजेता 40" इंच का एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन जीत सकेंगे।

## पावर अलर्ट

अगली गर्मियों के दौरान बिजली नेटवर्क और महत्वपूर्ण उपकरणों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड ने अपने लोकल नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत व रखरखाव का काम शुरू किया है। समय–समय पर बिजली नेटवर्क की सर्विसिंग, मरम्मत और ररखाव का काम करना आवश्यक है, ताकि गर्मियों के दौरान ये अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करें। दुनियाभर में ऐसा किया जाता है।

कारों व अन्य मशीनों की तरह, समय– समय पर बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर की सर्विसिंग व मेंटेनेंस की भी जरूरत पड़ती है। दिल्ली में इसकी जरूरत और ज्यादा है क्योंकि यहां सर्दी और गर्मी, दोनों ही मौसम अपने चरम पर होते हैं। अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक सर्दी का बिजली के नेटवर्क और उपकरणों पर बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा, दिल्ली में हर साल भारी मात्रा में बिजली की खपत बढ़ती है। गौरतलब है कि दिल्ली में बिजली की प्रति–व्यक्ति औसत खपत, देश की प्रति–व्यक्ति औसत खपत के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। इसलिए भी समय पर नेटवर्क की सर्विसिंग आवश्यक है।

सर्दियों के दौरान बिजली नेटवर्क के मेंटेनेंस का काम इसलिए किया जाता है, ताकि उपभोक्ताओं को कम परेशानी हो और साथ ही गर्मियों में बिजली उपकरण बेहतर तरीके से काम करें। ताकि उपभोक्ता अपने दिन की योजना बेहतर तरीके से बना पाएं, इसलिए बीएसईएस ने नेटवर्क मेंटेनेंस के शेड्यूल को अपनी वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर अपलोड कर दिया है।

| आपकी सेवा में 24X7 Call 399 99 808<br>अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस<br>बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड<br>पंजीकृत कार्यालय:<br>शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–32<br>सीआईएन: U74899DL2001PLC111525<br>फोन: 011–399–99–808, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com | एसएमएस<br>टाइप करें– बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5616108 पर भेज दें | आईवीआरएस<br>अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399 99 808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए आप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी। |
|---|---|---|



## सीईओ की कलम से

प्रिय उपभोक्ता,

मैं 15 मार्च को सेलिब्रेट किए गए विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के मौके पर आपको हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। आपकी डिस्कॉम बीवाईपीएल ने भी इस दिन अपने सभी ऑफिसों में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया। आपको यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि बीवाईपीएल ने इस दिन कंज्यूमर फर्स्ट यानी उपभोक्ता सबसे पहले का नारा दिया है।

बीवाईपीएल के सामने कई चुनौतियां हैं। ऐतिहासिक कारणों से, हमें अन्य राज्यों के मुकाबले महंगी दरों पर बिजली खरीदनी पड़ रही है। कई इलाकों में बिजली का नुकसान/क्षति 60 से 85 प्रतिशत तक है। इस वजह से बीवाईपीएल के साथ–साथ उसके ईमानदार उपभोक्ताओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, तमाम चुनौतियों के बावजूद बीवाईपीएल परिवार ने यह संकल्प लिया है कि हम आने वाले दिनों में अपने उपभोक्ताओं को और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

आपका

पी. आर. कुमार

## फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

क्या आपको बीवाईपीएल की ओर से भुगतान की देय तिथि या भुगतान की पुष्टि का फ्री एसएमएस अलर्ट मिल रहा है? क्या आपको अपने ईमेल पर बीवाईपीएल का ई–बिल प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं, तो कृपया अपना मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और सीए नंबर बीएसईएस में दर्ज करायें। इससे आपको अत्यधिक उपयोगी एसएमएस अलर्ट्स मिलेंगे।

### डिटेल दर्ज कराना आसान

* बीवाईपीएल के 24×7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–808 पर कॉल करें या
* bypl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करे

मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और सीए नंबर रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्ट्स प्राप्त होंगे, बल्कि आपको लकी ड्रॉ में, इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा।

## स्ट्रीट लाइट शिकायतों के लिए हेल्पलाइन –41999808

बीवाईपीएल स्ट्रीट लाइट शिकायतों व आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से एक हेल्पलाइन सेवा लेकर आई है। इस पर स्ट्रीट लाइट, बिजली के करंट व बिजली से लगी आग की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। टेलीफोन नंबर है – 41999808 । यह सेवा सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

इस सेवा से पूर्वी और मध्य दिल्ली के 60 लाख बीवाईपीएल ग्राहक लाभान्वित होंगे। वैसे, उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 399–99–808 पहले से ही मौजूद है, जहां वे बिजली संबंधी अन्य शिकायतों के साथ–साथ स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं। पूर्ण समर्पित नए नंबर की सुविधा उन्हें अलग से दी गई है।

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा– 122050 द्वारा मुद्रित

जब उपयोग में न हो, बत्ती व पंखे बंद कर दें।